बरेली की टीम करेगी गोवा में यूपी का प्रतिनिधित्व

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। उद्योगों के विकास पर मंथन को लेकर गोवा में 21 और 22 नवंबर को इकोनॉमी इंडस्ट्रीज वर्कशॉप का आयोजन हो रहा है। इसमें यूपी का प्रतिनिधित्व करने के लिए बरेली स्मार्ट सिटी का चयन किया गया है।

देश भर से 91 स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को इस कार्यक्रम में बुलाया गया है। बरेली स्मार्ट सिटी कंपनी के सीईओ संजीव कुमार मौर्य समेत तमाम टीमें गोवा के लिए रवाना हो गई हैं। वर्कशॉप में उद्योगों से जुड़ी रणनीतिक हस्तियों के साथ ही 40 से अधिक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कंपनियां भी शामिल होंगी।

स्मार्ट सिटी मिशन के डिप्टी सेक्रेटरी की ओर से बरेली स्मार्ट सिटी कंपनी को गोवा वर्कशॉप में जाने के निर्देश दिए। सीईओ संजीव मौर्य का कहना है कि स्मार्ट सिटी टू इकोनॉमी इंडस्ट्रीज वर्कशॉप में बरेली स्मार्ट सिटी से जुड़े पांच लोग भाग ले रहे हैं। अभी तक जो प्रोजेक्ट हमने पूरे किए उनकी पूरी डिटेल लेकर जा रहे हैं। औद्योगिक स्मार्ट शहर में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिलेगी। रोजगार बढ़ेगा और निवेश भी आएगा।